ST. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
27,BALLYGUNGE CIRCULAR ROAD,
KOLKATA-700019

FOR GOD AND COUNTRY

HINDI GRAMMAR(2nd term) **Class**:4 **Date:**30.11.20
Topic: अपठित गद्यांश **Answer Worksheet-** 21

अभ्यास के बिना जीवन में सफलता नहीं मिलती | पहली बार प्रत्येक कार्य कुछ कठिन लगता है | यदि व्यक्ति उस कार्य को कठिन समझकर बैठ जाता है तो उसे कभी भी नहीं कर सकता |अमेरीका के राष्ट्रपति ने अभ्यास -क्रम नहीं छोड़ा और एक दिन राष्ट्रपति पद प्राप्त कर लिया | यदि हम अभ्यास करना छोड़ देंगे तो सफलता हमें छोड़ देगी | मुहम्मद गौरी ने पृथ्वीराज चौहान पर विजय पाने के लिए सात बार प्रयत्न किया और अंत में सफल हो गया | निरंतर अभ्यास एक ऐसी कुंजी है , जो मनुष्य के लिए सफलता के द्वार खोल देती है | अभ्यास से विद्या अमृत बन जाती है तो बिना अभ्यास के विद्या विष का रूप धारण कर लेती है | जो मनुष्य अभ्यास नहीं करता उसके पास विद्या अधिक समय तक नहीं टिकती है | बहुत बड़ा गणितज्ञ भी यदि अभ्यास छोड़ देगा तो गणित उसे छोड़ देगा | खिलाड़ी यदि खेल का अभ्यास नहीं करेगा तो कभी भी कीर्तिमान स्थापित नहीं कर पाएगा | अतः अभ्यास अवश्य करना चाहिए |

अनुच्छेद पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दो :-

1) किसके बिना सफलता नहीं मिलती ?
   उ) अभ्यास के बिना सफलता नहीं मिलती |
2) प्रत्येक कार्य कठिन कब लगता है ?
   उ) पहली बार प्रत्येक कार्य कठिन लगता है |
3) सफलता साथ कब छोड़ देती है ?
   उ) अभ्यास न करने से सफलता साथ छोड़ देती है |
4) मुहम्मद गौरी ने पृथ्वीराज चौहान पर विजय पाने के लिए कितनी बार प्रयत्न किया ?
   उ) मुहम्मद गौरी ने पृथ्वीराज चौहान पर विजय पाने के लिए सात बार प्रयत्न किया |
5) निरंतर अभ्यास करना किसकी कुंजी है ?
   उ) निरंतर अभ्यास करना सफलता की कुंजी है |
6) अभ्यास से विद्या क्या बन जाती है ?
   उ) अभ्यास से विद्या अमृत बन जाती है जो मनुष्य को जीवन देती है |

7) बिना अभ्यास के विद्या किसका रूप धारण कर लेती है ?

उ) बिना अभ्यास के विद्या विष का रूप धारण कर लेती है , जो मनुष्य को हानि पहुँचाती है |

8) अभ्यास छोड़ने से गणितज्ञ की क्या स्थिति होती है ?

उ) यदि कोई गणितज्ञ अभ्यास छोड़ देगा तो गणित भी उसे छोड़ देगा |

9) अमेरीका के राष्ट्रपति ने इतना ऊँचा पद कैसे प्राप्त किया ?

उ) अमेरीका के राष्ट्रपति ने अभ्यास -क्रम नहीं छोड़ा और इतना ऊँचा पद प्राप्त किया |

10)अनुच्छेद का शीर्षक बताओ |

उ) अनुच्छेद का शीर्षक है - " अभ्यास सफलता की कुंजी "

खाली जगह भरो:-

11) अभ्यास के बिना सफलता नहीं मिलती |

12) अभ्यास से विद्या अमृत बन जाती है |

सही और गलत लिखो :-

13) खिलाड़ी अभ्यास करके ही जीतता है |(सही)

14) प्रत्येक कार्य हर बार कठिन लगता है |(गलत)

15) ' निरंतर ' शब्द का अर्थ बताओ |

निरंतर - लगातार

कोई दो व्यक्तिवाचक संज्ञा बताओ |

16) अमेरीका

17) पृथ्वीराज चौहान

18)' कार्य ' शब्द का दो पर्यायवाची शब्द लिखो :-

कार्य - कर्म , काम

वाक्य सही करके लिखो :-

19) अवश्य करना हमें चाहिए अभ्यास |

उ) हमें अभ्यास अवश्य करना चाहिए |

20) वाक्य बनाओ :- विजय - हमें अपनी बुराइयों पर विजय पाना चाहिए |

Poonam Mehra